# यूपीईएसः फेयर में ग्लोबल वेल बीइंग पर जोर

**DEHRADUN (2 Nov):** यूपीईएस स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंजीनियरिंग द्वारा स्वास्थ्य, सुरक्षा, आग और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रगति पर आधारित चौथी इंटरनेशनल सस्टेनेबिलिटी कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई. इस दौरान ग्लोबल वैल-बीइंग पर जोर दिया गया. दो दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े शोधकर्ताओं, पेशेवरों, नीति-निर्माताओं और उद्योग क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया और आपस में विचारों को साझा किया. इस मौके पर, डॉ सुखबीर सिंह संधू, मुख्य सचिव, उत्तराखंड, मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे. सम्मेलन की शुरुआत मेगा एल्युमनी कनेक्ट के साथ हुई जिसमें यूपीईएस के पूर्व छात्रों ने हिस्सा लिया. जो कि 22 अलग-अलग उद्योग क्षेत्रों से जुड़े हैं. इस मौके पर, सेंटर फॉर इनोवेशन एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टॉक्सिकोलॉजी रिसर्च, लखनऊ के जाने माने वैज्ञानिक अशोक पांडेय, प्रोफेसर एंड चेयर फॉर वॉटर साइंस एंड टैक्नोलॉजी उपस्थित रहे.